MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -4 अंक -4 मंदसौर, 15 जूलाई 2026 बुधवार से 21 जूलाई 2026 तक पृष्ट -4 कीमत 2 रू.

## दलोदा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 30 ग्राम स्मैक व 3.100 किलो डोडाचूरा के साथ पति-पत्नी गिरफ्तार

मंदसौर। जिले की दलोदा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 ग्राम स्मैक पाउडर एवं 3.100 किलोग्राम डोडाचूरा के साथ पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रविंद्र प्रताप डांगी के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक एक्टिवा स्कूटी एवं दो एंड्रॉयड मोबाइल भी जब्त किए हैं। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 3 लाख 6 हजार रुपये आंकी गई है।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल तथा एसडीओपी कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप डांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक नीले रंग की एक्टिवा स्कूटी से मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर दलोदा-धुंधड़का रोड स्थित श्मशान घाट के समीप घेराबंदी कर वाहन को रोका गया।

तलाशी के दौरान स्कूटी पर सवार शिवा उर्फ शिवनारायण परिहार (34) निवासी अंबिका नगर, दलोदा तथा उसकी पत्नी नीलू (31) निवासी अंबिका नगर, दलोदा के कब्जे से 30 ग्राम स्मैक पाउडर एवं 3.100 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मादक पदार्थों के साथ परिवहन में प्रयुक्त एक्टिवा स्कूटी क्रमांक स्र्क्र॥ 6438 तथा दो एंड्रॉयड मोबाइल भी जब्त कर लिए।

पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना दलोदा में अपराध क्रमांक 255/2026 दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 एवं 8/15 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। मामले की विवेचना जारी है।



पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में आरोपी शिवा उर्फ शिवनारायण परिहार के विरुद्ध रतलाम जिले के जावरा शहर थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज होना तथा भावगढ़ थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी एवं मारपीट के मामले दर्ज होना सामने आया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मादक पदार्थों के स्रोत एवं नेटवर्क के संबंध में जानकारी जुटा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप डांगी के साथ उपनिरीक्षक कैलाश बघेल, प्रधान आरक्षक अजीत सिंह एवं प्रधान आरक्षक जितेंद्र द्विवेदी सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## अलौकिक गार्डन से टकरावद रोड को जोड़ने वाले नवीन सीसी रोड का भूमि पूजन, क्षेत्रवासियों को मिलेगी आवागमन में राहत

यशस्वी दुनिया ⊙शामगढ़



ह्यशामगढ़। नगर परिषद शामगढ़ द्वारा अलौकिक गार्डन से टकरावद रोड को जोड़ने वाले नवीन सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार, विधिवत पूजा-अर्चना एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलने के साथ ही बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू भाई (नरेंद्र) यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती डाली बाई जोशी, एल्डरमैन, सभापति, पार्षदगण, नगर के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पहार एवं माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अलौकिक गार्डन से टकरावद रोड को जोड़ने वाला यह नवीन सीसी रोड क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण विकास कार्य सिद्ध होगा। सड़क बनने से स्थानीय नागरिकों, राहगीरों तथा वाहन चालकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से वर्षा ऋतु में कीचड़, जलभराव और खराब मार्गों से होने वाली परेशानियों से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद शामगढ़ शहर के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर रही है तथा भविष्य में भी जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ गति दी जाती रहेगी।

कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों ने नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे इस विकास कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से इस मार्ग के निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसके पूर्ण होने से क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति के बीच भूमि पूजन कार्यक्रम उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अंत में पूर्व पार्षद गोपाल जोशी ने उपस्थित सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, नगर परिषद पदाधिकारियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधियों को विकास कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हाईवे पर नशे की बड़ी खेप के साथ युवक गिरफ्तार, 20 ग्राम एमडी और 2 किलो डोडाचूरा जब्त



मंदसौर। जिले में नशे के कारोबार पर लगातार शिकंजा कस रही दलौदा पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए हाईवे पर मादक पदार्थ की खेप लेकर घूम रहे एक युवक को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 20 ग्राम एमडी (मेफेड्रोन), 2 किलोग्राम पीसा हुआ डोडाचूरा और एक मोबाइल फोन जब्त किया है। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 1.44 लाख रुपये बताई गई है।थाना प्रभारी दलौदा उपनिरीक्षक रविन्द्र प्रताप डांगी के नेतृत्व में 13 जुलाई को यह कार्रवाई की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक दलौदा-महू-नीमच हाईवे स्थित सांवलिया गौशाला के पास नशे की खेप के साथ खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम फिरोज पिता अब्दुल रहमान (22) निवासी अभिनंदन कॉलोनी, पद्मावती रिसोर्ट के पास, मंदसौर बताया।

तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 20 ग्राम एमडी और उसके बैग से 2 किलोग्राम पीसा हुआ डोडाचूरा बरामद हुआ। साथ ही एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आरोपी के विरुद्ध पूर्व से भी आपराधिक प्रकरण दर्ज होने की जानकारी मिली है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 एवं 15 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# संपादकीय

## युद्ध विराम के बाद युद्ध

होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर हमले के बाद अमेरिका ने ईरान पर ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए हैं तो दूसरी तरफ ईरान ने भी खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर हमले शुरू कर दिए हैं। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम खत्म हो चुका है। यद्यपि ट्रम्प बार-बार यह बयान दे रहे हैं कि युद्ध विराम खत्म हो चुका है, ?फिर भी ईरान से बातचीत जारी रखेंगे। ईरान की आईआरजीसी ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया है और ईरान का कहना है कि उसे अब एकतरफा समझौता स्वीकार नहीं है। कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन, जार्डन में ईरान के ताजा हमलों ने खाड़ी देशों में एक बार फिर खौफ पैदा कर दिया है। ईरान ने दावा ?किया है कि उसने जार्डन के एयरबेस को तबाह करके रख दिया है। बहरीन और कुवैत में बिजली सप्लाई केन्द्रों पर ईरानी हमलों से वहां के शहर अंधकार में डूब चुके हैं। अमेरिका लगातार ईरान के बंदर अब्बास केश्म द्वीप, चाबहार बंदरगाह और ईरान के मिसाइल व ड्रोन रखने वाली जगहों पर बम बरसा रहा है। कुल मिलाकर युद्ध का एक नया चरण शुरू हो चुका है और यह चरण दोनों पक्षों के अहंकार और विनाश का युद्ध है। ईरान में खामेनेई के पार्थिव शरीर को ईमाम रजा दरगाह में सुपुर्द-ए-खाक किया जा चुका है। अली खामेनेई को अंतिम विदाई देने के लिए एक करोड़ से अधिक लोग सड़कों पर आए। अमेरिका और इजराइल को लगा था ?कि ईरान के लोग खामेनेई शासन से नफरत करते हैं और वे पूरी तरह से बगावत पर उतर आएंगे लेकिन अमेरिकी हमलों ने सत्ता के विरुद्ध आक्रोश को?खत्म कर उसे सत्ता समर्थक क्रांति में बदल दिया। ईरान की जनता में ट्रम्प और नेतन्याहू के खिलाफ आक्रोश इतना बढ़ चुका है कि वे ट्रम्प की हत्या का संकल्प ले रहे हैं। इसके साथ?ही नए संघर्ष की जमीन तैयार हो चुकी है। होर्मुज का रास्ता व्यापार के साथ-साथ वैश्विक स्थिरता और शांति के? लिए भी महत्वपूर्ण है। होर्मुज स्ट्रेट बंद हुआ तो सप्लाई चेन अवरुद्ध हो जाएगी, जो कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए नुक्सानदेह साबित होगी। ईरान चाहता है कि होर्मुज स्ट्रेट पर उसका नियंत्रण बना रहे। अमेरिका और ईरान में हुए समझौते में तीन प्रमुख अड़चनें थीं। लेबनान से इजराइली फौजों की वापसी, ईरान की जब्त की गई सम्पत्तियों को लौटाना और होर्मुज स्ट्रेट की स्थि?ति। ईरान ने समझौते के बाद होर्मुज तट के किनारे एक सुरक्षित मार्ग खोल दिया था। जबकि अमेरिका ओमान तट के किनारे एक वैकल्पिक मार्ग को खोलने के पक्ष में था। ईरान को डर है कि अमेरिका वैकल्पिक मार्ग को बढ़ावा देकर युद्ध के दौरान जलडमरूमध्य पर स्थापित उसके प्रभाव को छीनने की कोशिश कर रहा है। अमेरिका नहीं चाहता कि ईरान एक इंडियानापोलिस जलमार्ग का एकमात्र संरक्षक बन उभरे। इन परस्पर विरोधी विचारधाराओं के कारण टकराव होते हैं जिससे समझौता ज्ञापन और कमजोर हो जाता है। इंडियानापोलिस हार को भांपते हुए ट्रम्प तेहरान पर आर्थिक और सैन्य दबाव, जलडमरूमध्य पर अपना रुख बदलने की कोशिश कर रहे हैं। वे अपना हवाई अभियान जारी रख सकते हैं, लेकिन वर्षों से जारी उनके अधिकतम दबाव और 40 दिनों की बमबारी से ईरान की वार्ता की स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया है। अगर वे होर्मुज को लेकर युद्ध की ओर लौटते हैं तो ईरान का परमाणु कार्यक्रम पर रुख (जो अभी तक अनसुलझा है) और भी कठोर हो जाएगा। अब ईरान परमाणु बम बनाने की तैयारी कर रहा है। रक्षा विशेषज्ञों को आशंका है ।

# झोलाछाप के इलाज से 14 साल के बच्चे की मौत

### सिंगोली में क्लिनिक सील, डॉक्टर फरार; परिजन ने बिना जांच ड्रिप चढ़ाने का आरोप लगाया

नीमच । जिले के सिंगोली में झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज के कारण 14 वर्षीय बालक अंसार की मौत का मामला सामने आया है। घटना 8 जुलाई की बताई जा रही है। सोमवार को परिजन की शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को क्लिनिक को सील कर दिया है, वहीं क्लिनिक संचालक घटना के बाद से फरार है।

ग्राम माता का खेड़ा का रहने वाला अंसार अपनी मां का इलाज कराने के लिए सिंगोली स्थित श्री धाकड़ क्लिनिक गया था। वहां मां के इलाज के दौरान अंसार ने भी हाथ-पैर में दर्द और बुखार होने की बात कही।

परिजन का आरोप है कि अंसार ने सिर्फ दवा मांगी थी, लेकिन क्लिनिक संचालक विनोद धाकड़ ने बिना किसी जांच के उसे सीधे ड्रिप (बोतल) चढ़ा दी। ड्रिप लगाने के मात्र 5-10 मिनट के अंदर ही अंसार की तबीयत बहुत



ज्यादा बिगड़ गई।

#### दवा की जानकारी दिए बिना भागा डॉक्टर, भीलवाड़ा में हुई मौत

अंसार की हालत गंभीर होते देख क्लिनिक संचालक ने परिजन को उसे दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन का कहना है कि आरोपी विनोद धाकड़ ने यह भी नहीं बताया कि उसने कौन सी दवा या इंजेक्शन दिए हैं और खुद क्लिनिक बंद करके भाग गया।

गंभीर हालत में अंसार को भीलवाड़ा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां 8 जुलाई को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। भीलवाड़ा के डॉक्टरों ने सही इलाज के लिए विनोद धाकड़ से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। जब तक परिजनों को दवाओं का पता चला, तब तक काफी देर हो चुकी थी।

#### स्वास्थ्य विभाग ने क्लिनिक किया सील

शुरुआत में परिजनों ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी और न ही शव का पोस्टमार्टम करवाया था। सोमवार को परिजनों ने मामले की लिखित शिकायत स्वास्थ्य विभाग से की और मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन देकर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने पुष्टि की है कि शिकायत के आधार पर क्लिनिक को सील कर दिया गया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।


ट्रैवल्स अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन

मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा
दूध डेयरी का सामान









डेयरी संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।

साथ ही
आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।
L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं

मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485
हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268






प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851

राज लाइट डेकोरेशन
एण्ड डीजे साउंड



हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।






चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़



ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814
आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।
नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ.विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक



# पिकअप में भरा 67 लाख का डोडाचूरा पकड़ाया

## सिंगोरी में तस्कर युवक गिरफ्तार, आरोपी राजस्थान के अजमेर जिले का रहने वाला

जावद। सिंगोली पुलिस ने 450.800 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा पकड़ा। पुलिस ने रविवार रात घेराबंदी कर राजस्थान के एक तस्कर को गिरफ्तार किया और गाड़ी की जब्त कर ली। डोडाचूरा की कीमत 67 लाख 62 हजार है। सोमवार को थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने सिंगोली-कांस्या मुख्य रास्ते पर तिलस्वां घाट के नीचे पहले मोड़ पर नाकाबंदी की थी। इसी दौरान सिंगोली की तरफ से आ रही एक पिकअप गाड़ी (RJ 42 GA 4006) को रोकने का इशारा किया गया। पुलिस को सामने देख ड्राइवर ने गाड़ी मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन मुस्तैद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। जब गाड़ी की तलाशी ली गई, तो उसमें से 28 काले प्लास्टिक के बोरे मिले, जिनमें कुल 450.800 किलोग्राम डोडाचूरा भरा हुआ था।

**राजस्थान का रहने वाला है आरोपी, पूछताछ जारी**-पकड़े गए आरोपी की पहचान 37 वर्षीय जसराज (पिता बन्नालाल घासल जाट) के रूप में हुई है। वह राजस्थान के अजमेर जिले की अराई तहसील के ग्राम जीरोता (थाना बोराडा) का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस (NDPS) एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। अब पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह यह नशीला पदार्थ कहां से लेकर आया था और इसे किसे सप्लाई करने जा रहा था।

# सांवलिया सेठ के दानपात्र से निकले 12.21 लाख रुपए

## 4 हजार वर्गफीट डोम निर्माण जारी, 2 बीघा भूमि पर बनेगी धर्मशाला

मंदसौर। मालवा अंचल के प्रमुख आस्था केंद्र भगवान लक्ष्मीनारायण (सांवलिया सेठ) मंदिर, लदूसा में सोमवार को दानपात्र खोला गया। देर शाम तक चली गणना में दानपात्र से 12 लाख 21 हजार 700 रुपए प्राप्त हुए। यह राशि पिछले महीने की तुलना में अधिक है।



मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती आस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### पिछली बार से बढ़ी दान राशि

मंदिर समिति के अनुसार, 14 जून को खोले गए दानपात्र से 10 लाख 251 रुपए मिले थे, जबकि इस बार 12.21 लाख रुपए प्राप्त हुए हैं। इससे

### श्रद्धालुओं के लिए बन रहा आधुनिक डोम

मंदिर समिति के ट्रस्टी महेश व्यास ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में करीब 4 हजार वर्गफीट क्षेत्र में आधुनिक डोम का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इसके बनने के बाद गर्मी और बारिश में भी श्रद्धालु आसानी से दर्शन कर सकेंगे।

### 34 लाख में खरीदी जमीन, बनेगी धर्मशाला

दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने की सुविधा के लिए मंदिर समिति ने भगवान सांवलिया सेठ के नाम पर 2 बीघा से अधिक कृषि भूमि करीब 34 लाख रुपए में खरीदी है। इस भूमि पर भविष्य में सर्वसुविधायुक्त भव्य धर्मशाला का निर्माण किया जाएगा।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर पलटा एसिड टैंकर, ड्राइवर सुरक्षित-खेतों में फैला खतरनाक एसिड

गरोठ। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एसिड से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा गरोठ टोल प्लाजा के पास हुआ। हादसे में टैंकर चालक सुरक्षित बच गया, लेकिन टैंकर से रिसा अत्यधिक खतरनाक एसिड आसपास के खेतों में फैल गया, जिससे खड़ी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं।

टैंकर चालक राज सिंह चावड़ा (निवासी नागदा) ने बताया कि वह गुजरात से केमिकल (एसिड) लेकर आ रहा था। दुर्घटना के कारण टैंकर में रखे डिलीवरी के महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जलकर खाक हो गए, जिससे माल खाली करने की सटीक जानकारी नष्ट हो गई। वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। चालक ने अपनी जान बचने को गनीमत बताया।



**किसान बोले-बगीचे पूरी तरह जलकर नष्ट**

एसिड खेतों में फैलने से कई किसानों की मक्का, उड़द, सोयाबीन, नदी किनारे की साग-सब्जियां, अमरूद और संतरे के बगीचे पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए हैं। इस घटना से किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

प्रभावित किसानों में प्रभु लाल पिता बद्रीलाल खाती पटेल की 2 बीघा, गोपाल भंवरलाल खाती पटेल की 6 बीघा और भैरूलाल प्रभु लाल खाती पटेल की 6 बीघा फसल नष्ट हो गई है। किसान दशरथ ने बताया कि उन्हें अकेले करीब 5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके साथ अन्य दो किसानों को भी लगभग 5-5 लाख रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। इस घटना से प्रभावित क्षेत्र के किसानों में भारी निराशा है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजे की मांग की है।


सरदार पटेल
Cure With Care
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
आपके शहर शामगढ़ में एक मात्र मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जहाँ सम्पूर्ण सुविधाओं के साथ वरिष्ठ डॉक्टर द्वारा उपचार प्रतिदिन किया जाता है।
24/7 EMERGENCY SERVICE
डॉ. राशी चौबे
MBBS, M.S. (obs.& Gynaecologist)
वरिष्ठ महिला एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएँ–
- गर्भवती महिलाओं की सम्पूर्ण जांच एवं उपचार।
- 24 घण्टे नार्मल एवं सिजेरियन (L.S.C.S.) डिलेवरी की सुविधा।
- स्त्री रोग से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन व ईलाज।
- किशोरावस्था से Menopause तक सभी प्रकार की स्त्री एवं प्रसुती रोग।
- निःसंतानता, बांझपन, सफेद पानी लूकोरिया, महामारी की अनियमितता।
- बार बार गर्भ गिरना, गर्भाशय की सूजन, योन रोग, गर्भाशय व अण्डकोष की गांठ आदि का सम्पूर्ण ईलाज।
- स्त्री रोग से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन जैसे – बच्चेदानी का ऑपरेशन, गठान का ऑपरेशन, नसबंदी का ऑपरेशन।
- अंडाशय की गठान, नस में ठहरा हुआ बच्चा।
- परिवार नियोजन परामर्श।
- पूर्णतया प्रशिक्षित स्टॉफ की सेवाएँ। जोड़ो का दर्द, कंधो का जाम, कमर, रीढ़ की हड्डी का दर्द ब्रेन ट्यूमर, साईटिका, मांसपेशियों का खिंचाव, सुन्नपन, सभी प्रकार की फिजियोथेरेपी की जाती है।
- फिजियोथेरेपी, बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर बिमारियों का ईलाज।
- शल्य चिकित्सा संबंधी जैसे –
हर्निया / पाईल्स / फिशर / फिस्टूला / अपेडिक्स / प्रोस्टेट
कलर सोनोग्राफी / कम्प्यूटराईज्ड लेब / ICU / ECG
एंबुलेंस / मेडिकल / जनरल वार्ड / वातानुकुलित कॉटेज
ऑपरेशन थिएटर / Digital X-ray / 3D/4D सोनोग्राफी
मल्टी स्पेशलिटी – जनरल मेडिसीन विशेषज्ञ, जनरल सर्जन विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ
रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु सम्पर्क करें – 9630656224
पता – 10, गरोठ रोड़, सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शामगढ़, जिला– मंदसौर (म.प्र.) कोड नं. 458883



गोपाल पटेल 9826055169
अर्जुन पटेल 9981235380
गोपाल जी (मट्टा सेठ) 9893633622
खाती पटेल
लाईट डेकोरेशन, डी.जे साउण्ड
शादी पार्टी में लाइट डेकोरेशन जनरेटर डीजे के लिये सम्पर्क करे
पता - गायत्री शक्तिपीठ के पास सगीरिया रोड़ शामगढ़


## शामगढ़ को मिले नए प्रशासनिक अधिकारी, तहसीलदार रोहित सिंह राजपूत व नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र हटिला ने संभाला कार्यभार



शामगढ़। प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में मंगलवार को शामगढ़ तहसील में नए तहसीलदार रोहित सिंह राजपूत एवं नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र हटिला ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद दोनों अधिकारियों ने कार्यालयीन कार्यों की जानकारी ली तथा कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया।


NOBLE Computer Academy
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा
DCA
PGDCA
CPCT
BASIC
Tally Accounting Course only 45 Days
संचालक राजमल मांदलिया
9977105210
Punjabi Colony, Shamgarh

# स्कूल से आते समय छात्राओं के साथ छेड़खानी-नकली पिस्तौल दिखाकर अश्लील इशारे किए; दो मनचलों को ग्रामीणों ने पकड़ा, एक नाबालिग शामिल

रतलाम। जिले के बाजना थाना क्षेत्र में स्कूल आने-जाने वाली छात्राओं से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि बाइक सवार दो युवक कई दिनों से छात्राओं का पीछा कर अश्लील इशारे करते थे और नकली पिस्तौल दिखाकर उन्हें डराते थे। ग्रामीणों ने दोनों का पीछा कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने एक नाबालिग समेत दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रोज स्कूल आते-जाते करते थे पीछा

पीड़ित छात्रा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कक्षा 10वीं में पढ़ती है और प्रतिदिन अपनी सहेलियों के साथ पैदल स्कूल आती-जाती है। इसी दौरान दो युवक बाइक से उनका पीछा करते, आंख मारकर अश्लील इशारे करते और मोबाइल दिखाकर परेशान करते थे। छात्राओं का आरोप है कि आरोपी नकली पिस्तौल दिखाकर उन्हें डराते भी थे। कई बार विरोध और शोर मचाने के बावजूद उनकी हरकतें नहीं रुकीं।

### हम तुमको रखेंगे कहकर की अभद्रता

सोमवार शाम स्कूल की छुट्टी के बाद छात्राएं पैदल अपने गांव लौट रही थीं। इसी दौरान बा क्रमांक ऋ-03 श्र-8486 से दोनों युवक फिर उनके पीछे पहुंचे। छात्राओं के अनुसार, आरोपियों ने अश्लील इशारे किए और कहा, ÷हम तुमको रखेंगे।÷ इसके बाद वे मौके से आगे निकल गए।

### ग्रामीणों ने पीछा कर दबोच

घटना के तुरंत बाद छात्राओं ने गांव के लोगों को पूरी जानकारी दी। ग्रामीणों ने दोनों युवकों का पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में एक आरोपी ने अपना नाम विकास पिता प्रभु मईड़ा, निवासी कदवाली बताया, जबकि दूसरा नाबालिग निकला। इसके बाद दोनों को बाजना थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया।

### छात्राओं की शिकायत पर दर्ज हुआ केस

घर पहुंचकर छात्राओं ने परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई। छात्राओं की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।




### पुलिस बोली- जांच जारी

बाजना थाना प्रभारी रविंद्र दंडोतिया ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें राउंडअप कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## 6 खिलोना हेलीकॉप्टर की माला पहन कलेक्ट्रेट पहुंचा किसान-अधिकारियों से हवा में उड़ने का साधन मांगा, रास्ता बंद होने से परेशान

नीमच। मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में एक अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला। जीरन तहसील के ग्राम पालसोड़ा निवासी एक किसान अपने गले में प्लास्टिक के छह हेलीकॉप्टर की माला पहनकर अधिकारियों के सामने पहुंचा। यह प्रदर्शन खेत के रास्ते को लेकर था, जो कथित तौर पर कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा बंद कर दिया गया है।

पीड़ित किसान रमेशचंद्र शर्मा और रामलाल शर्मा ने बताया कि उनके खेत पर जाने का वर्षों पुराना रास्ता गांव के कुछ रसूखदार लोगों ने कंटीले तारों से बंद कर दिया है। इस कारण उनकी खेती-किसानी का काम पूरी तरह ठप हो गया है और वे अपने खेत तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

किसानों ने प्रशासन पर तंज कसते हुए कहा कि जब सरकारी अमला उनकी जमीन



तक जाने का रास्ता नहीं खुलवा पा रहा है, तो उन्हें हवा में उड़कर जाने के लिए हेलीकॉप्टर ही दिला दिया जाए। इसी मांग को लेकर वे कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करने पहुंचे थे। इस रास्ते के विवाद को लेकर पीड़ित पक्ष को उच्च न्यायालय से भी अपने पक्ष में आदेश मिल चुका है। कोर्ट के आदेश का पालन कराने के लिए प्रशासन ने एक दल भी गठित किया था, जिसे 10 जुलाई को मौका मुआयना कर रास्ता बहाल करवाना था। हालांकि, किसानों का आरोप है कि प्रशासनिक कार्रवाई से पहले ही 7 जुलाई को विपक्षी अमृतलाल पाटीदार, प्रदीप पाटीदार और तुलसीबाई ने दोबारा पक्की तार फेंसिंग कर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया। राजस्व अमले से शिकायत के बाद भी सुनवाई न होने पर उन्हें यह कदम उठाना पड़ा।

कलेक्ट्रेट परिसर में हुए इस प्रदर्शन के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने पीड़ित किसानों से आवेदन लिया और पूरे घटनाक्रम की जांच कर जल्द से जल्द नियमानुसार उचित वैधानिक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## पुलिस जनसुनवाई में 46 शिकायतों का त्वरित निराकरण, अधिकारियों ने दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश

मंदसौर। जिला पुलिस कंट्रोल रूम मंदसौर में मंगलवार को आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं विधिसंगत निराकरण के उद्देश्य से जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 46 आवेदकों की शिकायतों को सुनकर उनके निराकरण की दिशा में तत्काल कार्रवाई की गई तथा संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

जनसुनवाई में नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर, एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति, कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर, यशोधर्मन नगर थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय तथा नई आबादी थाना प्रभारी कुलदीप सिंह राठौर सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके वैधानिक एवं समयबद्ध निराकरण के लिए संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कुल 46 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं कानून सम्मत निराकरण पुलिस की प्राथमिकता है तथा जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जा रहा है।

SEBI Reg. 2100274304
17 वर्षो से आपकी सेवा में
THE MONEY MAKER
INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES
NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized
हमारी सेवाएँ - डिमेट A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑपशन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बॉड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं ।
संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स
डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे
संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941



समस्या अनेक समाधान एक
अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर
ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD
आपके लिए लाया है
GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation
की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...
पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001
Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306